

ANNUAL REPORT

SOOCHNA SEVA BARMER RAJASTHAN

2015

European Union

DEF
DIGITAL EMPOWERMENT *foundation*

पृष्ठ–भूमि

नई दिल्ली स्थित डिजिटल एमपोवरमेंट फाउंडेशन की स्थापना हाशिए पर स्थित सूचना के अभाव में जीवन-यापन कर रहे सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़े हुए लोगों की स्थिति को देखते हुए की गयी थी, ऐसे व्यक्ति डिजीटल उपकरणों की सहायता सूचना की उपलब्धता, जानकारी और ज्ञान को प्राप्त करते हुए अपने जीवन मे सुधार ला सकते हैं. डिजिटल एमपोवरमेंट फाउंडेशन, भारतीय सोसाईटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के तहत वर्ष 2002 में पंजीकृत गैर- लाभकारी संगठन है, जिसका मिशन लोगों को डिजिटली सशक्त बनाना है.

डी इ एँफ़ सूचना एवं संचार प्रौध्योगिकी (ICTD) के क्षेत्र मे दुनिया के अग्रणी संस्थाओं में से एक है. जिसके माध्यम से हाशिए पर मौजूद सूचना के अभाव मे जीवन-यापन कर रहे 10 लाख से अधिक लोगों को डिजिटल साक्षर और इंटरनेट आदि की सुविधाएं प्रदान की जा चुकी है. उपरोक्त संस्था भारत के 19 राज्यों और 53 जिलों मे स्थित Common Access Points के माध्यम से सूचना सेवा केन्द्रों के माध्यम से चल रही है .

डी इ एँफ़ का मानना है कि डिजिटल साक्षरता के साथ इंटरनेट की पहुँच नागरिकों को उनके जीवन मे ज्ञान और सूचना के माध्यम से सशक्त बना सकती है . डी इ एँफ़ ने बहु-हितधारक पहुँच और सप्त सूत्रीय मार्ग द्वारा समुदायो, सरकार, विद्यालयो, सिविल सोसाईटी और लघु उद्योगों आदि को सूचना युग मे लाभ दिलाया है. जिससे सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (ICTs) को अधिक उपयोग के लिए बढ़ावा मिला है.

Vision

To end economic poverty and social backwardness through the simple expedient of ending information poverty by empowering marginalized and information-dark communities with digital literacy, access to digital tools and information-rich knowledge society ushered in by the Internet and the digital revolution.

Mission

To adopt a seven-fold path for constantly empowering people, especially marginalized and information-dark communities, with the power of information and knowledge using digital tools. Our seven-fold path is:

- Access & Infrastructure: Providing people access to the Internet and making them digitally literate
- Governance & Entitlements: Raising awareness about their rights and entitlements and giving them the voice to demand better governance, better delivery of government services and better protection of their basic human rights using digital literacy and digital tools
- Education & Empowerment: Enabling people to access better health, education, skill and livelihood opportunities using digital literacy and digital tools
- Social Sector & CSOs: Empowering grassroots-level civil society organisations working in the developmental sector with online presence and digital literacy and digitally ensuring protection of people's culture, heritage, environment and natural resources
- Markets & Enterprise: Digitally empowering micro-enterprises and communities by training them to use digital tools and enabling them to access new markets through website presence and e-commerce

- Knowledge Hub & Database: Creating a knowledge network of digital practitioners and database of effective ICTD innovations and interventions so that these innovations and interventions can be scaled up and partnerships can be forged for using them according to specific socio-economic developmental needs
- Advocacy & Research: Advocacy and activism to ensure access for all to the Internet as a basic human right and more extensive use of ICT and digital tools for development

सूचना सेवा का परिचय

सूचना सेवा, डिजिटल एमपोवरमेंट फाऊँडेशन और यूरोपियन युनियन का एक संयुक्त प्रयास है, जिसका लक्ष्य भारत के पिछड़े जिलों मे जन-साधारण के लाभ के लिए बनाई गयी योजनाओं तक लोगों की पहुँच को बढ़ाना है, जो प्रशासनिक ढांचे और लक्षित परिवारों के मध्य एक कड़ी का कार्य करेग, जिसमे मुख्य रूप से निम्न योजनाएं शामिल हैं-

1. शिक्षा सम्बन्धित योजनाए
2. स्वास्थ्य सम्बन्धित योजनाए
3. आजीविका सम्बन्धित योजनाए
4. रोजगार सम्बन्धित योजनाएं
5. सामाजिक सुरक्षा सम्बन्धित योजनाए
6. वित्तीय समावेश सम्बन्धित योजनाएं

उपरोक्त परियोजना के अंतर्गत तकनीकी एवं गैर-तकनीकी उपकरणों के द्वारा सूचना सेवा के प्रसार तथा सूचना सशक्तिकरण हेतु समुदायों के अनुकूल एक ढांचा तैयार करना है, जिसका लक्ष्य जिला स्तर पर सार्वजनिक सूचनाओं को पहुचाना व प्रसार प्रणाली को सुदृढ़ बनाना है.

सूचना सेवा के उद्देश्य-


1. सार्वजनिक योजनाओं एवं पात्रता लाभ के बारे में जानकारी की सुविधा नागरिकों, समूहों तथा समुदायों तक पहुंचाना.
2. सार्वजनिक योजनाओं की जानकारी व पात्रता लाभ की संरचना को बेहतर बनाने हेतु स्थानीय समुदायों, समूहों व नागरिकों की स्थानीय प्रशासन के साथ साझेदारी को सशक्त करना.
3. सार्वजनिक सूचना के वितरण तथा सूचना क्रियाविधि को दक्ष व व्यापक पहुँच के लिए बेहतर बनाने हेतु स्थानीय प्रशासन की क्षमता को मजबूत करना.

सूचना सेवा के अंतर्गत लाभार्थियों से जुड़ने के माध्यम



सूचना सेवा परियोजना के कार्य-क्षेत्र-

क्रम संख्या	ज़िला	राज्य
1	बाड़मेर	राजस्थान
2	गुना	मध्य-प्रदेश
3	रांची	झारखंड
4	टिहरी गढवाल	उत्तराखंड
5	पश्चिमी चम्पारन	बिहार



सूचना सेवा परियोजना का बाड़मेर मे कार्य-क्षेत्र-

क्रम संख्या	ज़िला	मुख्य चयनित ग्राम पंचायत
1	बाड़मेर	रानीगांव (जिला कार्यालय), उंडखा, बलाऊ, जूना पतरासर, रामदेरिया
2	बायतु	बायतु भोप जी(ब्लोक कार्यालय), बायतु चिमन जी, एन डी के डी, माधासर, बायतु पनजी
3	सिवाना	सिवाना (ब्लोक कार्यालय), मोकलसर, कुशीप, देवन्दी, मायलावास
4	कल्याणपुर	कल्याणपुर (ब्लोक कार्यालय), सान्खलो की ढाणी, घडोई चारनान, डोली कला, चारलाई कला
5	धनाऊ	धनाऊ(ब्लोक कार्यालय), श्रीरामवाला, ईटादा, आलमसर, बिसारनिया

1. पृष्ठ-भूमि
2. सूचना सेवा का परिचय
3. वर्तमान में चलित मुख्य गतिविधियाँ
    * सूचना सेवा केंद्र के अंतर्गत मुख्य गतिविधियाँ
    * सरकारी योजनाओं सम्बन्धित जानकारी
    * सामुदायिक बैठको का विवरण
    * डिजिटल साक्षरता
    * सोशल मीडिया पर सूचना सेवा केंद्र (वेब-साईट एवं फेसबुक पेज)
    * भविष्य के लिए कार्य योजना
        1. मोबाईल सूचना सेवा केंद्र- परिचय एवं जानकारी
        2. शिकायत पंजीकरण केंद्र की स्थापना
        3. आदर्श ई-मित्र केन्द्रों की स्थापना
        4. ग्रामीण सिनेमाघर की स्थापना
        5. ग्राम पंचायतों की वेबसाईट बनाना
        6. सूचना सेवा केंद्र का फैलाव
7. सफलता की कहानी
8. फोटो
9. अखबार की सुर्खियाँ संलग्न

सूचना सेवा केंद्र के अंतर्गत चलित मुख्य गतिविधियाँ

बाड़मेर जिले के 5 केन्द्रों पर सूचना सेवा केंद्र में निम्न गतिविधियाँ संचालित की जा रही है.

1. सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना तथा उनसे लाभार्थीयो को जुडवाने मे सहायता करना
2. डिजिटल पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत/ सरकारी उपक्रमों की वेबसाईट बनाना
3. जमीनी स्तर पर कार्य कर रही समाज सेवी संस्थाओं की वेबसाईट न्यूनतम दर पर बनाना
4. न्यूनतम दर पर डिजिटल साक्षरता उपलब्ध कराना
5. नागरिक सुविधाओं हेतु निम्न डिजिटल सुविधाओं का आदान-प्रदान

6. फोटोकोपी
7. प्रिंट / स्केनिंग
8. इंटरनेट
9. फोटो प्रिंट की सुविधा
10. किसी भी विषय के बारे मे ऑनलाइन जानकारी उपलब्ध कराना
11. सरकारी योजनाओ से सबंधित जानकारी
12. रेलवे/बस आदि के आरक्षण की जानकारी
13. न्यूनतम शुल्क मे ई-मित्र की सुविधा.

उपरोक्त कार्यों हेतु सूचना सेवा केन्द्रो में 5-7 लेपटोप और डेस्कटॉप, प्रिंटर कम स्केनर, फोटो प्रिंटर, कैमरा, एल इ डी टीवी, प्रोजेक्टर, इंटरनेट की सुविधा, स्पीकर एवं इनवर्टर आदि सुविधाएं दी गयी है, जिससे नागरिको को सबंधित कार्यो मे सहायता मिल पाए .

सूचना सेवा केंद्र की कार्य अवधि- जनवरी 2014 से दिसंबर-2015

इनके अतिरिक्त सूचना मित्र प्रत्येक समय केन्द्रों एवं कार्य-क्षेत्र मे उपलब्ध रहते हैं, जिनका विवरण निम्नानुसार हैं-

सूचना सेवा केंद्र-बाड़मेर के सूचना मित्रों का संक्षिप्त परिचय -

क्रमांक	नाम	स्थान	मोबाईल नम्बर	शिक्षा
1	शिशिर पुरोहित	बाड़मेर	9983337850	एम एस डब्ल्यू
2	जवरीलाल विश्नोई	रानीगांव	7073464501	एम ए
3	शंकरलाल	कल्याणपुर	7073464504	एम ए
4	मंगलाराम	सिवाना	7073464503	बी ए, बी एड
5	शक्ति सिंह	धनाऊ	7073464505	बी ए
6	नरपत बलवान	बायतु	7073464502	बी ए
7	अमराराम	बायतु	7742533627	बी ए
8	खैराजराम	बायतु	9001477061	10 वी
9	नागेन्द्र सिंह	रानीगांव	9649815877	12 वी
10	रेशमाराम	रानीगांव	9166480223	10 वी
11	हरीश सियाग	रानीगांव	9783646608	बी ए
12	हाजी खान	धनाऊ	7597786887	बी ए
13	रमेश कुमार	धनाऊ	9784383156	बी ए
14	रतनलाल	धनाऊ	8890584270	बी ए
15	जुगताराम	सिवाना	9660513210	बी ए
16	फिरोज खान	सिवाना	7689096674	बी ए
17	भगाराम	कल्याणपुर	9982266294	बी ए
18	अशोक कुमार	कल्याणपुर	9672816260	12 वी

सरकारी योजनाओं समबन्धित जानकारी

1) योजना एवं लिंग के आधार पर वर्ष २०१५ की प्रगति रिपोर्ट


Scheme Category	Scheme Name	Registration		Total	Conversion		Total
		M	F		M	F	
Financial Inclusion	PMJDY	116	1080	1196	116	1080	1196
	FD Revenue	0	1	1		1	1
	Helping with cash withdrawal	0	1	1		1	1
	PMSBY	323	441	764	323	441	764
	PMJJBY	301	430	731	301	430	731
	Bhamashah	36	597	633	36	597	633
	Bhamashah seeding	18	17	35	18	17	35
Education	School Admissions	1		1	1		1
	Anaganwadi Admissions	43	40	83	43	40	83
	Schooler sheep	3		3	3		3
Livelihood	Pop Yojna	21	2	23			0
	Artision card	6	6	12			0
	Food Security	2		2	2		2
	Indra Aawas Yojna	1	1	2		1	1
	Karyshala Yojna	0	18	18		18	18
	Karshhi Aanudan	32	5	37			0
	Labor Card	337	136	473	250	90	340
	Pandit Din Dayal Kaushal Vikas Prashikshan	23	8	31	22	8	30
	Vishwas Yojna	7	2	9	5	2	7
	Muhyamantri Sahayata Kosh	1		1			0
	Dindyal Upadhyay Yojna	4	2	6	0	2	2
Health	Subh laxmi Yojna			0			0
	Health card	5	58	63	5	58	63
	Aarogiya card	3		3	3		3
	Individual Toilts	111	214	325	90	170	260
	Mamta Card		7	7		7	7
	JSSY	14	32	46	14	32	46
	Vaccination	9	28	37	9	28	37
	Shubh Laxmi Yojna		4	4		4	4


Social Security	Old Age Pension	542	698	1240	250	330	580
	Bank Account linked with Old Age Pension	86	133	219	7	20	27
	Bank Account linked with Widow Pension	0	22	22	0	3	3
	Bank Account linked with Disability Pension	0	4	4	0	1	1
	BPL Daughter Marriage	0	3	3	0	0	0
	BPL Gas Connection	2	0	2	0	0	0
	BPL Light connection	10	3	13	0	0	0
	BPL Objection	41	26	67	0	0	0
	Disability Marriage	1	1	2	0	0	0
	Disability Pension	42	15	57	1	0	1
	Divorcee Pension	0	1	1	0	1	1
	HIV Pension	1	0	1	0	0	0
	Palanhar Physical verification	30	141	171	10	72	82
	Palanhar Scheme	27	88	115	3	7	10
	Sukanya Samridhi Yojna	0	6	6	0	6	6
	Widow Daughter Marriage	0	1	1	0	1	1
	Widow Pension	0	135	135	0	2	2
	Mukhyamantri Sahayata Kosh	0	2	2	0	0	0
Employment	Job card	17	24	41	17	24	41
	Narega	43	41	84	43	41	84
Documents	Adhar Card	181	109	290	181	109	290
	Astha Card	4	1	5	4	1	5
	Birth certificate	15	17	32	15	17	32
	Bonafide certificate	12	12	24	4	3	7
	Caste certificate	14	7	21	14	7	21
	Death certificate	9	2	11	7	0	7
	Dissability Certificate	53	23	76	35	16	51
	Food Security	1	0	1	1		1
	Grievance registered	16	6	22			0
	Income certificate	8	0	8	8		8
	Marriage Certificate	0	7	7		7	7
	Pan Card	2	0	2	2		2
	Railway Concession Pass	4	0	4	3		3
	Ration Card	12	1	13	12	1	13
	Ration Card Correction	33	12	45	33	12	45
	Roadways bus concession pass	17	2	19	16	2	18
	RTI	5	4	9	5	4	9

	Smart card	100	14	114	100	14	114
	Voter card correction	16	0	16	16		16
TOTAL		2761	4691	7452	2028	3728	5756

2) योजना विवरणानुसार पुरुष-महिलाओ की संख्या


	Male		Female	
	Registered with the Scheme	Availing Benefitted with the Scheme	Registered with the Scheme	Availing Benefitted with the SchWeme
Financial Inclusion	794	794	2567	2567
Education	47	47	40	40
Livelihood	434	279	180	121
Health	142	121	343	299
Social Security	782	271	1279	443
Employment	60	60	65	65
Document	502	456	217	193






3) आयु के आधार पर लाभार्थियों का विवरण

आयु अंतराल	Registered with the Scheme	Availing Benefitted with the Scheme
1-20 वर्ष	582	72
21-40 वर्ष	3131	408
41-60 वर्ष	2379	249
61-80 वर्ष	1272	161
80-100 वर्ष	67	7



4) जाति के आधार पर लाभार्थियों का विवरण


	No. of beneficiary Registered with the Scheme	Scheme No. of beneficiary Availing Benefitted with the scheme
General	668	68
Minority	210	161
SC	299	144
ST	127	28
OBC	625	197



जाति के आधार पर लाभार्थियों का विवरण

5) मोबाईल नम्बर की उपलब्धता के आधार पर लाभार्थियों का विवरण

	No. of beneficiary Registered with the Scheme		No. of beneficiary availing Benefitted with the scheme	
Scheme classification	Mobile available	Mobile not available	Mobile available	Mobile not available
Social Security	782	1279	230	230
Financial Inclusion	2612	749	979	187
Education	77	10	40	0
Employment	100	25	0	1
Health	257	228	9	119
Livelihood	437	177	7	1
Document	465	254	100	83



सामुदायिक बैठकों का विवरण

ब्लोक नाम	कुल की गयी सामुदायिक बैठकों की संख्या	सामुदायिक बैठक मे दी गयी मुख्य योजनाओ की जानकारी का विवरण	लोगों की उपस्थिति	योजनाओं से जुड़ने वाले लाभार्थीयो की संख्या
बाड़मेर	10	1. सामाजिक सुरक्षा, आजीविका, रोजगार, स्वास्थ्य, वित्तीय समावेश सम्बंधित सरकारी योजनाओं की जानकारी 2. नागरिकों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे मे विचार-विमर्श इत्यादि	369	154
बायतु	8		290	108
सिवाना	7		567	275
कल्याणपुर	11		427	132
धनाऊ	16		603	233

सामुदायिक बैठकों का विवरण


ब्लोक नाम	कुल की गयी सामुदायिक बैठकों की संख्या	सामुदायिक बैठक मे दी गयी मुख्य योजनाओ की जानकारी का विवरण	लोगों की उपस्थिति	योजनाओं से जुड़ने वाले लाभार्थीयो की संख्या
बाड़मेर	10	1. सामाजिक सुरक्षा, आजीविका, रोजगार, स्वास्थ्य, वित्तीय समावेश सम्बंधित सरकारी योजनाओं की जानकारी 2. नागरिकों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे मे विचार-विमर्श इत्यादि	369	154
बायतु	8		290	108
सिवाना	7		567	275
कल्याणपुर	11		427	132
धनाऊ	16		603	233

डिजिटल साक्षरता का विवरण

ब्लोक नाम	बाड़मेर	बायतु	सिवाना	कल्याणपुर	धनाऊ	कुल
अक्तूबर'14-दिसंबर'15	24	37	65	35	22	183
जनवरी'15-मार्च'15	10	13	10	28	14	75
अप्रेल'15-जून'15	23	10	21	40	9	103
जुलाई'15-सितम्बर'15	30	22	49	6	-	107
अक्टूबर'15-दिसंबर'15	7	1	3		17	28
सम्पुर्ण प्रतिभागी	94	83	148	109	62	496

सूचना सेवा केंद्र की सोशल मीडिया पर पहुँच-





भविष्य के लिए कार्य योजना

डिजिटल एमापोवर्मेंट फाऊँडेशन द्वारा वर्तमान में बाड़मेर जिले की आवश्यकताओं को देखते हुए सूचना सेवा केंद्र के विस्तार स्वरूप भविष्य हेतु निम्न कार्य योजना को रूपांतरित किया जा रहा है -

1. कार्य क्षेत्र मे मोबाईल सेंटर की स्थापना-

सूचना सेवा केंद्र के कार्य-क्षेत्र में वर्ष 2015 में प्रायोगिक तौर पर बाड़मेर जिला अस्पताल मे मोबाईल सेंटर की स्थापना की गयी थी, जो काफी सफल रहा था, जिसमें पूरे जिले से आने वाले नि:शक्तजनो को नि:शक्तजन प्रमाण पत्र दिलवाने हेतु अस्थायी मोबाइल सेंटर की स्थापना की गयी थी, जिसका उद्देश्य दूर-दराज गाँव से आने वाले नि:शक्तजनो को प्रमाण पत्र और इसके पश्चात उनका रेल/बस पास आदि बनवाना आदि कार्य किए जाते हैं, जिससे अज्ञानता के कारण उनका समय, मेहनत और रूपए व्यर्थ ना जाए. क्योंकि ये प्रमाण पत्र केवल सोमवार को ही ज़ारी किए जाते हैं. सूचना मित्र द्वारा वर्ष 2015 में 55 से ऊपर नि:शक्तजन प्रमाण पत्र तथा उनके रेल/बस पास इत्यादि ज़ारी करवाए गए. वर्ष 2016 से नागरिको को योजनाओ की जानकारी की उपलब्धता एवं जुड़ाव संस्था के कार्य-क्षेत्र मे कराया जाएगा. इसके लिए मोबाइल सेंटर की स्थापना की जाएगी तथा साथ ही न्यूनतम दर पर कम्प्युटर प्रशिक्षण आदि की व्यवस्था की जाएगी.

2. शिकायत पंजीकरण केंद्र की स्थापना-

सामान्यत: आम-तौर पर ग्रामीण स्तर पर नागरिको हेतु शिकायत केंद्र की अनु-पस्थिति पायी गयी है, जिससे ग्रामीण नागरिक अपनी शिकायत को नहीं दर्ज करवा पाते हैं, तथा उन्हें दर-दर भटकना पड़ता है. सूचना सेवा केन्द्र द्वारा शिकायत पंजीकरण केंद्र की सहायता से उनकी शिकायत लेकर सम्पर्क राजस्थान पोर्टल पर दर्ज की जाएगी, तथा समय-समय पर शिकायत की स्थिति के बारे में उन्हें अवगत किया जाएगा.

3. आदर्श ई-मित्र केन्द्रों के स्थापना-

सामाजिक कार्यकर्ता अरूणा रॉय, निखिल डे आदि के साथ 100 दिवसीय जवाबदेही यात्रा के दौरान राज्य के सभी जिलों मे राजस्थान सरकार के ई-गवर्नेंस कार्यक्रम के अंतर्गत ई-मित्र केन्द्रों की समीक्षा की गयी तो पाया गया कि उन केन्द्रों द्वारा काम के लिए तय दर से अधिक मनमानी दर ली जा रही है . इस संबंध मे संस्था द्वारा आदर्श ई-मित्र की स्थापना की जा रही है .

4. ग्रामीण सिनेमाघर की स्थापना -

संस्था द्वारा ग्रामीण स्तर एक चल-सिनेमाघर की स्थापना की जाएगी, जिससे ग्रामीण स्तर पर लोगों को सरकारी योजनो की जानकारी सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी तकनीकी की सहायता दी जाएगी, जिसमें स्थानीय प्रशासन का सहयोग आपेक्षित है.

5. ग्राम पंचायतों की वेबसाईट बनाना-

संस्था द्वारा डिजिटल पंचायत कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की वेबसाईट बनाई जाएगी, जिससे प्रत्येक ग्राम में चल रही योजनाओं/ कार्यों आदि की जानकारी वेबसाईट के माध्यम से मिल सकें. उपरोक्त कार्य को प्रशासन के सहयोग से चलाया जाएगा.

6. सूचना सेवा केन्द्र का विस्त्रतिकरण-

वर्तमान परिप्रेक्ष्य को देखते हुए सूचना सेवा केन्द्रों की स्थापना बाड़मेर जिले के सभी पंचायत समितियों में की जाएगी, जिसके अंतर्गत नागरिकों को सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी की सहायता से लाभान्वित किया जाएगा, जिसमे तकनीक की सहायता से उनके दिन-प्रतिदिन के कार्य सम्पन्न हो सकें.

सफलता की कहानी

केस स्टोरी-गजी देवी

क्र. स.	कार्यक्रम	सूचना सेवा, बाड़मेर
1	स्थान का विवरण	पेमाणियों की ढाणी, मेघवालों की बस्ती, राणी गाँव
2	लाभार्थी का नाम & पता	गजी देवी w/O गोरधन राम मेघवाल बस्ती राणी गाँव
4	पारिवारिक विवरण	इनके परिवार मे स्वयं विधवा, तीन लड़के व एक लड़की है इनमे से सबसे बड़ी लड़की 8 वर्ष की है। आज से चार वर्ष पहले इनके पति कि बिजली के करन्ट से मोत हो गयी । घर की पुरी जिम्मेदारी उनके ऊपर थी । परिवार के अन्य सदस्य जो सास ससुर व देवर अलग रहते है उनका कोई सहयोग नही मिलता है तथा गजी देवी को थोड़े बहुत पैसे माता-पिता से मिलते है जिनसे परिवार का पोषण करती है ।
5	कार्यक्रम के दौरान परिवार की सहभागिता	कार्यक्रम के दौरान इस महिला ने सूचना सेवा केन्द्र पर आयोजित सामुदायिक बैठक मे भाग लिया तब पता चला कि इनकी पालनहार पैंशन बन्द है उन्होने सूचना मित्रो से अपने से अपनी स्थिति से रू-ब-रू कराया तब सूचना सेवकों उसे सांत्नवा देते हुए कहा कि आपके रूपये हम दिलवा के रहेगे । तब से लेकर योजना का लाभ मिलने तक इस महिला ने सूचना सेवा के साथ जुड़ी रही ।
6	इस कार्यक्रम में परिवार को क्या लाभ हुये	पालनहार पैंशन योजना के भौतिक सत्यापन करवाने के बाद मे 24/03/2015 को तीन महिने के 9000/- की राशि मिल गयी तथा 14-05-2015 को तीन माह की राशि 9000/- रूपये खाते मे जमा हो गये । माह अप्रैल मे चार माह की विधवा पेशन की राशि 2000/- मनी ऑर्डर के द्वारा मिल गयी । अब उसको बीपीएल मे जुड़वाने की प्रक्रिया जारी है ताकि उसे आवास से जोड़ा जाए । तीन महिने की बकाया है उसकी पेरवी चल रही है ।
7	कार्यक्रम से जुड़कर उन्हें कैसा लगा और उन्होने क्या सिखा	चार योजनाओ से लाभान्वित होकर वो बहुत खुश है और किसी भी प्रकार कि समस्या होने पर तुरन्त सूचना सेवा केन्द्र पर आ जाती है और उन्होने इस सम्बंध मे काफी लोगो को भी जागरूक किया ।
8	परिवार के सामने कैसी समस्याए आ रही है	चार बच्चों का लालन पालन करने मे बहुत दिक्कत आ रही थी फिर भी इन्होने अपने तीन बच्चों को स्कुली शिक्षा मे दाखिला करवा दिया लेकिन अब उसके पास एक भी रूपया नहि होने पर समसया झेलनी पड़ रही थी इसी बीच पालनहार योजना कि पिछले आठ माह से पैंशन नहीं मिलती थी ।
9	भविष्य के लिए आशा	भविष्य में बीपीएल मे जुड़ना और खादय सुरक्षा (गेहुँ व आवास) बिजली कनेशन मिल जाये तो अच्छा है ।
10	शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वछता तक लोगों की पहुच।	शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वछता की जानकारिया दी गयी तथा उसके साथ-साथ चिकित्सालय से फ्री दवाईयो के बारे मे बताया गया ।
11	केस स्टडी ली गयी है	कलाराम बिश्नोई

4. प्रधानमंत्री जन सुरक्षा योजना
5. प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना
6. दस्तावेजीकरण जैसे-
   a) भामाशाह में नाम जुड़वाना
   b) परिचय पत्र को आधार कार्ड से जुड़वाना
   c) राशन कार्ड संशोधन
   d) जन्म प्रमाण पत्र

महिला का फोटो



के प्रसार

सफलता की कहानी - 2



श्री पीता राम पुत्र श्री थाना राम जाति भील उम्र 60 निवासी गोचरिया ग्राम पंचायत कुसीप, तहसील सिवाना, जिला बाडमेर (राजस्थान)

मै पीता राम उम्र 60 साल का हूँ ओर मेने अपना वृद्धावस्था पेंशन फॉर्म ग्राम पंचायत में आवेदन जमा करवाया था | परन्तु पांच माह तक पेंशन नहीं मिली है | मैने ग्राम पंचायत में जाकर पूछा कि मुझे अभी तक पेंशन नहीं मिली है, तो वहा पर कहते है कि आप को पेंशन मिल जायगी, और मैने ग्राम पंचायत में
3 – 4 बार चक्कर लगाये, लेकिन पेंशन नहीं मिली, फिर एक दिन हमारे गाँव में सूचना सेवा से सूचना मित्र आए तो उनके द्वारा मुझे सरकारी योजनाओ कि जानकारी मिली और वृद्धावस्था पेंशन के बारे में बताया तो मैने उनको वृद्धावस्था पेंशन भरने के लिए दस्तावेज आदि देकर आवेदन भरवाए, आवेदन भरने के चालीस दिनों के बाद में मुझे पेंशन प्राप्त हुई, जिसकी सूचना भी मुझे सूचना मित्र के द्वारा ही मिली. मैं सूचना सेवा का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूँ और धन्यवाद देता हूँ.

सफलता की कहानी	
परियोजना का नाम	सूचना सेवा
गांव / राज्य	राणीगांव, बाड़मेर, राजस्थान
लाभार्थी का नाम	विजय कुमार □/□ श्री धर्माराम
पारिवारिक स्थिति का विवरण	विजय कुमार के परिवार में दो भाई व एक बहिन है जो अपने मां-बाप के साथ छोटे से मकान में रहते है	पिताजी ट्रक के चालक है फिर भी अपने बच्चों को पढाया । विजय स्वयं ने 10वीं की परिक्षा दी है और छोटे भाई व बहिन भी पढाई कर रहे है । पारिवारिक स्थिति भी काफी दयनीय है बस इसी कारण विजय भी कम उम्र में नौकरी की तलाश में लग गया था ।
सूचना सेवा कार्यक्रम के दौरान सहभागिता	जब ग्रामिण क्षेत्र मे सूचना सेवा केन्द्र में कम्प्युटर प्रशिक्षण कार्यक्रम चालू हुआ जिसमें न्युनतमदर पर कम्प्युटर प्रशिक्षण करवा रहे है तब विजय ने 10वी कक्षा में पढते हुए कम्प्युटर कॉर्स सिखने की ठानी और तीन महीनें के प्रशिक्षण के साथ-साथ योजनाओं की जानकारी भी हासिल की और सूचना सेवा के मुख्य कार्यक्रम गरिब से गरिब लोगों को योजनाओं के लाभार्थी बनाने मे भागीदारी ली ।
प्रशिक्षण से पहले की दिनचर्या का वर्णन	विजय कुमार मन में हमेशा कम्प्युटर कॉर्स सिखने की जिज्ञासा थी लेकिन कॉर्स सिखाने के लिए कॉर्स फिस 2700 रूपये होने पर सिख नही पाया ।
प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद क्या लाभ हुआ ?	विजय आगे की पढाई के लिए कम्प्युटर कॉर्स सिखना चाहता था जो जरूरी था, तीन माह का प्रशिक्षण सिखने के बाद अभी उसको संजीवनी क्रैडिट कॉपरेटिव सोसायटी लिमिटेड, चौहटन में डेटा इन्ट्री ओपरेटर की जॉब मिल गई जहां उनको 5000/- मासिक तन्खवाह मिल रही है । 07/04/2016 से जॉब पर लगा है अब तक एक सप्ताह हुआ है फिर भी बैंक में केसियर की अनुपस्थिति वह स्वयं बैंकिग लेन-देन का कार्य सम्भालता है । अतः वह बहुत खुश है ।
प्रशिक्षण सिखने के बाद कैसा लग रहा है	प्रशिक्षण के दौरान मुझे बहुत कुछ सिखने को मिले जो जॉब पर लगने के बाद महसुस हो रहा है । मुझे एक्सल, वर्ड तथा टाईपिंग सिखने के बाद अच्छा लग रहा है जो अब मैं लगातार कम्प्युटर ऑपरेटर पद पर बना रह कर कम्प्युटर के ज्ञान को विकसित करना चाहता हुं ।
भविष्य के लिए आशा	भविष्य मे कम्प्युटर के अनुभव को मेरी शिक्षा के साथ मिला कर कोई अच्छी जॉब करने के लिए सफल होगी ।

प्रशिक्षण के साथ अन्य सिखे	प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी मिली, योजनाओं का लाभ मिलने तक की प्रक्रियाओं की जानकारी मिली तथा लाभ मिलने तक आने वाली समस्याओं से रू-ब-रू हुआ ।
लिए गए फोटो	

अखबार की सुर्खियाँ

'सूचना तकनीक के बिना कुछ भी संभव नहीं'

भास्कर संवाददाता | बाड़मेर

सूचना तकनीक के बिना कुछ भी संभव नहीं है सूचना का विकेंद्रीकरण जरुरी है। डिजिटल सूचना आमजन को सफल बनाएगी। सूचना के माध्यम से ही ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी मिलती है। योजनाओं के लाभ के लिए हमें सतर्क होना चाहिए। यह बात जिला युवक कल्याण कोष समिति द्वारा आयोजित डिजिटल इम्पॉवरमेंट फॉउंडेशन के वित्तीय सहयोग से आयोजित जिला स्तरीय सूचना से शक्तिकरण की कार्यशाला में कही।

कार्यशाला में जिला युवक कल्याण कोष समिति के समन्वयक सोनाराम पाल्ला ने संस्था के बारे जानकारी देते हुए कहा कि संस्था द्वारा युवाओं के लिए कौशल विकास, राहत कार्य व आपदा प्रबंधन, बीपीएल सशक्तीकरण खाद्य सुरक्षा शिक्षा व पानी के मुद्दों पर कार्य किया गया।

डिजिटल इम्पॉवरमेंट फॉउंडेशन के जिला मैनेजर शिशिर पुरोहित ने कार्यशाला के उद्देश्य की जानकारी दी। जिले के पांच ब्लॉक बाड़मेर, धनाऊ, बायतु, सिवाना व कल्याणपुर में सूचना सेवा परियोजना के तहत सामाजिक सुरक्षा, वित्तीय समावेश, शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका व रोजगार के मुद्दों पर कार्य किया जाता है। जनहित योजनाओं का लाभ लक्षित समुदाय तक पहुंचाने में सूचना मित्रों का सहयोग रहता है।



बाड़मेर. सूचना से शक्तिकरण तक की कार्यशाला में भाग लेते हुए।

कार्यशाला में डिजिटल इम्पॉवरमेंट फॉउंडेशन दिल्ली से वाहिद चौधरी, दीप शिखा, राजस्थान आजीविका कौशल आजीविका विकास निगम से जिला सलाहकार गौतम माथुर, जिला युवक कल्याण कोष समिति से अनिता सोनी, श्योर से हनुमान चौधरी, सूचना सेवा बाड़मेर के जावरीलाल बिश्नोई एवं सूचना मित्र जेठूसिंह रानीगांव ने भी कार्यशाला को संबोधित किया।

दोपहर बाद सामूहिक परिचर्चा में सामाजिक सुरक्षा, वित्तीय समावेश, शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका व रोजगार के मुद्दों पर समस्या व समाधान पर चर्चा की गई।

कार्यशाला में लोक कल्याण बायतु, इनरेम, शुभम संस्थान धारा संस्थान से महेश पम्पालिया, सजा से धुड़ाराम गोयल, सामाजिक अन्वेसन शोध संस्थान अन्य सरकारी गैर सरकारी संस्थान सरपंच वार्ड पंच, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, डीईएफ से स्वाति चौधरी, इरफान, सूचना सेवा कल्याणपुर से शंकरलाल, धनाऊ से शक्तिसिंह, सिवाना से मंगलाराम, नागेन्द्र सिंह व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यशाला में भाग लेने वाले सभी सहभागियों को सूचना के रुप में एक एक पौधा भेंट किया। कार्यशाला में जिले की अलग-अलग सरकारी, गैर सरकारी संस्थाओं जनप्रतिनिधी समाजसेवी के रुप 150 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन शिशिर पुरोहित ने किया।

दैनिक भास्कर
18/11/2015

सेमिनार आज

बाड़मेर @ पत्रिका. डिजिटल एम्पावरमेंट फाउंडेशन एवं यूरोपियन यूनियन के सहयोग से सूचना सेवा परियोजना जिला युवक कल्याण कोष समिति के तत्वावधान में मंगलवार सुबह नौ बजे जिला स्तरीय सेमिनार होगा। सूचना मित्र जेठूसिंह ने बताया कि इसमें सूचना का अधिकार एवं सशक्तिकरण आदि मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

बाड़मेर पत्रिका
17/11/2015
पेज-4

दैनिक नव ज्योति
17/11/2015
पेज-5

जिलास्तरीय सेमिनार आज

नवज्योति/बाड़मेर।

डिजिटल एम्पावरमेन्ट फाउंडेशन एवं यूरोपियन यूनियन के सहयोग से सूचना सेवा परियोजना जिला युवक कल्याण कोष समिति के तत्वाधान में जिलास्तरीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। सूचना मित्र जेठुसिंह रानिगांव के अनुसार सूचना अधिकार एवं सशक्तिकरण आदि मुद्दो पर मंगलवार सुबह 9 बजे से होटल कैलाश इंटरनेशनल सेमिनार आयोजित होगा। जिसमे नागरिक समूह स्थानीय सरकारी व गैर सरकारी संगठन एंव नागरिक संगठन शरीक होंगे।

महिलाएं कम्प्यूटर शिक्षा प्राप्त कर समय के साथ कदम बढ़ाये

नवज्योति/बाड़मेर।

समय बदल रहा है इसके साथ लोग भी बदल रहे है, आज का वर्तमान युग विज्ञान का युग है, जिसमे कम्प्यूटर शिक्षा की महत्ता बढ़ रही है। इसके चलते लोग अपने बच्चों को कम्प्यूटर शिक्षा के लिए शहर भेज रहे है, इसके चलते महिलाएं व बालिकाओं को भी कम्प्यूटर शिक्षा शिक्षा प्रदान करने के लिए सरकार प्रयास कर रही है। महिलाएं व बालिकाओं को जागरुक हो कर डिजीट्ल साक्षरता प्राप्त करके समय के साथ कदम बढाने चाहिये तब ही हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का डिजीटल इण्डिया का सपना साकार होगा। यह बात रानीगांव कला के आंगनवाड़ी केन्द्र में महिलाओं को सम्बोधित करते हुए को सूचना सेवा केन्द्र बाड़मेर के सूचना मित्र जेठूसिंह



रानीगांव ने कही। डिजीटल एम्पावरमेन्ट फॉउण्डेशन की परियोजना सूचना सेवा के तहत ग्रामीण क्षेत्र में बच्चों से लेकर प्रोढ तक को कम्प्यूटर साक्षरता प्रदान किये जाने के [illegible] कार्यक्रम में ब्लाक समन्वयक जवरी लाल बिश्नोई ने सूचना सेवा के बारे में परिचय देते हुए कम्प्यूटर शिक्षा कि महता बताई। कार्यक्रम में नागेन्द्र सिंह, रेशमाराम ग्रामीण कानाराम, कमी देवी, मेवाराम, बाबूराम आदि सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

दैनिक नवज्योति

जोधपुर, बुधवार, 11 फरवरी 2015

सूचना सेवा के संबंध में बैठक आयोजित

नवज्योति/बाड़मेर। डिजीटल एम्पावरमेंट फ [illegible] एण्डेशन इंडिया के सहयोग से सूचना सेवा रानीगांव द्वारा उण्डखा ग्राम पंचायत के राजस्व गांव लोरटी हाईट में बैठक संपन्न हुई। बैठक में ब्लॉक मैनेजर सोनाराम पाला ने सूचना सेवा के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। पाला द्वारा बताया गया कि सूचना सेवा डिजीटल एम्पोवरमेंट फाण्डेशन दिल्ली के सहयोग से संचालित परियोजना है। परियोजना के तहत सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना व वंचित ग्रामीण लोगों को योजनाओं से लाभान्वित कराना है। सूचना केन्द्र पर युवाओं व स्कूल के बच्चों को कंप्यूटर का बैसिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। केन्द्र पर अन्य सुविधाओं में रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, नागरिक योजनाओं संबंधित जानकारी प्रदान कराना व फोटोकोपी, कम्प्यूटर प्रिंट, रेल, बस की ऑनलाइन टिकट उपलब्ध करवाई जाती है। बैठक में लगभग 25 ग्रामीणों ने भाग लिया। बैठक में सूचना सेवा के फैलो कार्यकर्ता कलाराम बिश्नोई द्वारा 5 पेंशन आवेदन पत्र, 3 पालनहार के आवेदन तैयार किये। पहले से स्वीकृत पेंशन जो वर्तमान में बंद के लिए बैंक डायरी उपलब्ध करवाने व भौतिक सत्यापन के लिए कहा गया गया। ताकि पेंशन दुबारा चालू हो सके। बिश्नोई द्वारा स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता के लिए शौचालय के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। बैठक में विद्यालय के अध्यापक विरमाराम चौधरी ने सहयोग प्रदान किया।



ग्रामीणों को सूचना के अधिकारों के प्रति किया जागरूक

मायलावास व कल्याणपुर में निकाली जागरूकता रैली



मोकलसर. मायलावास में भी निकाली रैली।

भास्कर संवाददाता | मोकलसर

यूरोपियन यूनियन के सहयोग से चल रही डिजिटल एंपावरमेंट फाउंडेशन संस्था की परियोजना के तहत सोमवार को मायलावास में जागरूकता रैली का निकाली गई।

रैली में क्षेत्र के सरकारी एवं निजी स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिये। रैली को ब्लॉक कार्डिनेटर मंगलाराम तंवर व सरपंच घेवरचंद सुंदेशा ने हरी झंडी दिखाकर से रवाना किया। रैली में शामिल विद्यार्थियों ने सूचना के अधिकारों एवं सरकारी योजना के बारे में ग्रामीणों को जागृत किया। ब्लॉक कार्डिनेटर मंगलाराम तंवर व सूचना मित्र जुगताराम मेघवाल ने सूचना के अधिकारों के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। इस अवसर पर मूलसिंह राजपुरोहित, तेजाराम माली, मांगीलाल माली, अशोक सिंह राजपुरोहित, रूपाराम, गोपाराम, दिनेश कुमार, नारायणसिंह, नरपत कुमार, जितेंद्र सोलंकी सहित नागरिक मौजूद थे।

कल्याणपुर. यूरोपियन यूनियन के सहयोग से चल रही संस्था डिजिटल इम्पॉवरमेंट फाउंडेशन परियोजना के तहत रैली निकाली गई। रैली में कुल 250 लोगों ने भाग लिया। इसके बाद आयोजित गांव स्तरीय बैठक में ब्लॉक समन्वयक शंकरलाल सोलंकी ने ग्रामीणों को सूचना के अधिकार की जानकारी दी। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता बाबूलाल गवारिया, भगाराम सिसोदिया, प्रवीण चारूपाल, भीमाराम भील, उम्मेदसिंह, सवाराम सहित ग्रामीण मौजूद थे।

12/10/2015

कार्यक्रम

मोकलसर के अटल सेवा केन्द्र में आयोजित परियोजना सूचना सेवा कार्यक्रम

ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी

भास्कर संवाददाता, मोकलसर

ग्राम पंचायत मोकलसर के अटल सेवा केंद्र में शुक्रवार को यूरोपियन यूनियन एवं डिजिटल एम्पावरमेंट फाउंडेशन के सहयोग से चल रही परियोजना सूचना सेवा की सामुदायिक बैठक आयोजित हुई।

ब्लॉक समन्वयक जयरोलाल बिश्नोई ने सूचना सेवा का परिचय देते हुए दीनदयाल जीवन अमृत बीजकोष, पेंशन योजना, हितग्राहिकारी योजना, पालनहार योजना एवं बीमा योजनाओं के बारे में जानकारी दी। बैठक में कुल 185 लोगों ने भाग लिया। ब्लॉक समन्वयक मंगलाराम तंवर ने दीनदयाल उपाध्याय योजना एवं जननी सुरक्षा पेंशन के बारे में जानकारी दी। वहीं जुगलराम व फिरोज खान ने वृद्धा, विधवा एवं विशेष योगदान पेंशन के बारे में बताया। बैठक में वृद्धा पेंशन के 5, हितग्राहिकारी योजना के 60, पालनहार योजना के 3, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के 2 व कोपीहल गैस कनेक्शन के 5 आवेदन भरे गए। इस अवसर पर सहायक ग्रामसेवक हंसाराम, ग्रामसेवक गोविंदसिंह भाखर, सरपंच कालीसहल व प्रेरक भानाराम सहित ग्रामीण उपस्थित थे।



मोकलसर. ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देते हुए।

29/10/2015

बाड़मेर . शनिवार, 22.08.2015

छात्रों को सौंपे प्रमाण-पत्र



सिवाना के सूचना सेवा केन्द्र में शुक्रवार को कम्प्यूटर प्रशिक्षण के प्रमाण-पत्र देते अतिथि। पत्रिका

सिवाना @ पत्रिका. डिजिटल एम्पावरमेंट फाउण्डेशन व यूरोपियन यूनियन के सहयोग से संचालित सूचना सेवा परियोजना के तहत शुक्रवार को कस्बे के कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र में कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष मरुधरा ग्रामीण बैंक अधिकारी रमेश पनपालिया ने 49 छात्रों को कम्प्यूटर प्रमाण-पत्र सौंपे। उन्होंने कहा कि कम्प्यूटर शिक्षा के बिना सफलता नहीं मिल सकती। जिला शिक्षा अधिकारी शिशिर पुरोहित ने डिजीटल साक्षरता की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सिवाना केन्द्र से 200 लोगों को पेंशन से जोड़ गया है। सूचना मित्र भगवानाराम माली ने बताया कि कम्प्यूटर साक्षरता से 115 बच्चों को साक्षर किया गया है। कार्यक्रम में भू-निरीक्षक पारसमल, पटवारी नीरज कंवर सहित कई लोग मौजूद रहे। एस


Soochna
Seva